सं.12015/06/2024- रा.भा.(त.क.)
राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
(तकनीकी कक्ष)
******

एन.डी.सी.सी. II भवन
चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 7/11/2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: स्मृति आधारित अनुवाद टूल "कंठस्थ 2.0" की ग्लोबल अनुवाद डेटाबेस को सुदृढ़ करने के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन ।**

राजभाषा विभाग द्वारा सी-डैक पुणे के माध्यम से तैयार अनुवाद टूल कंठस्थ 2.0 "अनुवाद सारथी" को और अधिक लोकप्रिय बनाने एवं उसके ग्लोबल डेटा बेस को सुदृढ़ करने के उदेश्य से केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालय/बैंक/उपक्रम/निगम/बोर्ड इत्यादि के अनुवाद/राजभाषा अधिकारियों हेतु दिनांक 1 दिसंबर, 2024 से 31 जुलाई, 2025 के दौरान कंठस्थ के माध्यम से एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के फलस्वरूप इस टूल का प्रयोग करने वाले सभी प्रयोक्ता लाभान्वित हो सकेंगे।

**(अ) इस प्रतियोगिता के नियम/शर्तें निम्नानुसार हैं:–**

(1) इस प्रतियोगिता में केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों /विभागों /सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों /बैंकों/उपक्रमों /निगमों /बोर्डों इत्यादि के राजभाषा/अनुवाद के क्षेत्र में काम करने वाले अधिकारी/ कर्मचारी भाग ले सकते हैं ।

(2) प्रतिभागियों को अंग्रेजी तथा हिन्दी भाषा में अनुवाद के ज्ञान के साथ-साथ कंप्यूटर पर हिन्दी में काम करने की जानकारी भी होनी चाहिए ।

(3) प्रतिभागी अनुवाद कार्य कंठस्थ 2.0 के वैब संस्करण के माध्यम से ही करेगा। अत: प्रतिभागी कंठस्थ के वैब संस्करण पर पंजीकृत होना चाहिए। प्रतिभागी अपने कार्यस्थल से प्रतियोगिता में भाग ले सकता है ।

(4) दिनांक 1 दिसंबर, 2024 से 31 जुलाई, 2025 के मध्य कंठस्थ ग्लोबल टी.एम. पर अपलोड किए गए अनुवाद कार्य टी.एम. की गणना प्रतियोगिता के लिए की जाएगी । उक्त अवधि (1 दिसंबर, 2024 से 31 जुलाई, 2025) के दौरान ग्लोबल टी.एम. में प्रत्येक माह के दौरान कम से कम 2000 टीम तथा प्रतियोगिता अवधि (1 दिसंबर, 2024 से 31 जुलाई, 2025) में कुल 50,000 टी.एम. से अधिक अपलोड करने वाले प्रतिभागियों को ही प्रतियोगिता में सम्मिलित माना जाएगा । कंठस्थ में 1 वाक्य को 1 टी.एम. के रूप में माना गया है ।



नरेश कुमार सैनी
7/11/2024

(5) टी.एम. की गणना करते समय सिस्टम द्वारा अंकों, संक्षिप्त नाम (abbreviation) तथा 10 शब्दों से कम शब्दों वाली टी.एम. तथा डुप्लिकेट टी एम की गणना नहीं की जाएगी ।

(6) ग्लोबल टी.एम. पर डेटा केवल अधिकृत जांचकर्ता (Vetter) के द्वारा ही अपलोड किया जा सकता है।

(7) अनुवादक /राजभाषा अधिकारी तथा जांचकर्ता ग्लोबल टी.एम. पर डेटा अपलोड करते समय टी.एम. की वर्तनी, वाक्य संरचना तथा अनुवाद आदि की तथ्यपरकता एवं गुणवत्ता आदि का विशेष ध्यान रखेंगे। तथ्यपरक शुद्ध अनुवादित वाक्यों को ही डेटाबेस में डाला जाए।

**(आ) प्रतियोगिता के दौरान आने वाली समस्याओं हेतु निम्नलिखित प्रकार सहायता प्राप्त की जा सकती है:-**

(1) जिन मंत्रालयों /विभागो/कार्यालयो/बैंकों/उपक्रमों आदि ने कंठस्थ के सैंट्रल सर्वर पर डेटा अपलोड (ग्लोबल टी एम ) करने के लिए अपने कार्यालय से जांचकर्ता को अधिकृत नही कराया है, वे अपने कार्यालय से निम्नलिखित फॉर्मेट में सूचना उपनिदेशक /संयुक्त निदेशक /निदेशक के माध्यम से techcell-ol@nic.in पर भेजकर जांचकर्ता को अधिकृत करा सकते हैं।

| क्रम संख्या | मंत्रालय/ विभाग का नाम | जांचकर्ता (Vetter) का नाम व पदनाम | कंठस्थ का यूजर आईडी | मोबाइल संख्या | ई-मेल आईडी | पुष्टि करने वाले अधिकारी का नाम व पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

(2) प्रतियोगिता अवधि के समय किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए राजभाषा विभाग तथा सी -डैक की निम्नलिखित टीम सहायता प्रदान करेगी:

| क्रम सं | नाम व पदनाम | संस्थान | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री दीपक कुमार, निरीक्षक | राजभाषा विभाग | 9568400689 |
| 2 | श्री मुनिराज मीणा, तकनीकी सहायक | राजभाषा विभाग | 7976777426 |
| 3 | सुश्री स्वाती सिंह, प्रोजेक्ट इंजीनियर | सी-डैक | 8210571452 |

**(इ) प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा:–**

प्रतियोगिता का परिणाम सितंबर 2025 को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा है ।

**(ई) प्रतियोगिता हेतु पुरस्कारों को निम्नलिखित प्रकार रखा गया है:-**

(1) प्रतियोगिता के लिए सभी कार्यालयों को 03 श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

(क) सभी मंत्रालय/विभाग/सम्बद्ध कार्यालय/अधीनस्थ कार्यालय

(ख) सभी बैंकों के मुख्यालय एवं उनके अधीनस्थ कार्यालय

(ग) सभी उपक्रमों/निगमों/बोर्डों/ स्वायत्त संस्थानों के मुख्यालय एवं उनके अधीनस्थ कार्यालय

नरेश कुमार सैनी
7/11/2024

2. 08 माह की प्रतियोगिता अवधि के दौरान दो तरह के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे: -

(1) प्रत्येक माह के दौरान किए गए सर्वाधिक अनुवाद/वैटिंग कार्य के लिए उपर्युक्त क्रम संख्या (क) (ख) एवं (ग) में सूचीबद्ध प्रत्येक श्रेणी के लिए 01 अनुवादक/राजभाषा अधिकारी एवं 01 जांचकर्ता का सचित्र विवरण कंठस्थ की वेबसाइट पर मासिक आधार पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(2) कुल 08 माह की अवधि अर्थात 1 दिसंबर, 2024 से 31 जुलाई, 2025 के दौरान कंठस्थ के ग्लोबल टी.एम. में सर्वाधिक टी.एम. जोड़ने वाले उपर्युक्त तीन श्रेणियों के शीर्ष 03-03 अनुवादकों/ राजभाषा अधिकारियों तथा 03-03 जांचकर्ताओं को राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले आगामी अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन/क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन/तकनीकी सम्मेलन में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

नरेश कुमार सैनी 7/11/2024

(नरेश कुमार सैनी)
अवर सचिव (तक.)

प्रति -

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/ विभाग –अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता को अपने संबंद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों की जानकारी में लाएं एवं प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करें।

2. भारत सरकार के सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा राष्ट्रीयकृत बैंको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक - अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता को अपने संबंद्ध व अधीनस्थ कार्यालयों की जानकारी में लाएं एवं प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करें।

3. राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय – अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता के बारे में अपने क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों,उपक्रमों,बैंकों,वित्तीय संस्थाओं तथा केंद्र सरकार के स्वामित्व में आने वाले विश्वविद्यालयों, शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को बताएं एवं प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करें।

4. सी डैक पुणे को इस अनुरोध के साथ कि वे प्रतियोगिता के सुचारु संचालन में सहयोग प्रदान करें।

5. कंठस्थ के सभी पंजीकृत प्रयोक्ताओं को इस अनुरोध के साथ कि वे कृपया नियमानुसार प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता करें ।

नरेश कुमार सैनी 7/11/2024

(नरेश कुमार सैनी)
अवर सचिव (तक.)